## Instructions Bulletin for the Operation Failure of the Month of Dec' 2024
## No. IB/ETC/GZB/2024 – 24/17

1. केस स्टडी - 1

| दिनांक | लोको न०/ शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 04.12.2024 | 37768<br>WAP-7/ BGKT | 22421 | दिल्ली |
| UOR/ फेलियर विवरण | लोको संख्या – 37768/ P-7/ BGKT, गाडी संख्या 22422 में कार्य करके आया था, जिसमें लोको-पायलट ने फीड-पाईप गेज़ के पाईप से हवा लीकेज़ की बुकिंग लोको लॉग-बुक में की हुई थी। एवं चार्ज़ लेने वाले लोको-पायलट शंटर को भी जानकारी दी थी। लेकिन ऑन-ड्यूटी लोको-पायलट शंटर ने इस बुकिंग को चैक करने के बावजूद TC/ NDLS को नहीं बताया। अन्य लोको-पायलट शंटर के जाँच के दौरान फीड-पाईप गेज़ का पाईप गेज़ से अलग मिला एवं लीकेज़ भी हो रही थी। जिसकी सूचना TC/ NDLS को दी, एवं TC/ NDLS के अनुसार अन्य लोको प्लान करके निकाला गया, जिसमें 22 मिनट गाड़ी का विलम्बन हुआ। | | |
| ज़िम्मेदारी | • लोको-पायलट शंटर/ दिल्ली सराय-रोहिल्ला | | |
| लोको-पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबलशूटिंग | • चार्ज लेने वाले LPS द्वारा गलत कार्यवाही की गई –<br>उसने फीड पाइप की लीकेज को लॉग बुक में बुकिंग होने के बावजूद अटेंड नहीं करवाया। | | |
| TSD के अनुसार ट्रबलशूटिंग/ लोको-पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही | **TSD के अनुसार:**<br>1. उपरोक्त UR में लोको पायलट को चार्ज़ लेने वाले लोको-पायलट/ शंटर के साथ-साथ मैन्टिनेन्स स्टाफ एवं TC/ NDLS को समय से सूचना देनी चाहिये थी, जिससे कि बिना अटेंड किये लोको नहीं निकल पाता। | | |
| टिप्पणी | **खराब कार्य:**<br>• लोको-पायलट शंटिंग/ सराय-रोहिला (दिल्ली) के लोको की सही प्रकार से जाँच ना करना।<br>• लॉग-बुक में बुकिंग होने के बावजूद लोको अटेंड होने की जाँच न करना एवं TC/ NDLS को सूचना तुरंत ना देना। | | |

2. केस स्टडी – 2

| दिनांक | लोको नं० / शेड | गाड़ी नं० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 09.12.2024 | 22623<br>WAP-4/ DLTB | 14089 | दिल्ली (ANVT-SSB) |
| दुघर्टना का विवरण | ऑन-ड्यूटी लोको-पायलट शंटर के द्वारा लोको संख्या०22623 गाज़ियाबाद के लो०पा०(सवारी) से चार्ज़ में लिया, जिसमे HSM (शंटिंग स्विच) लो०पा० कक्ष-2 में लोको-पायलट के सीट के पीछे लगा हुआ था, एवं उसकी स्थिति "शून्य" (शंटिंग मोड) पर थी, लोको गाड़ी संख्या० 14089 के लिए ऑफर किया गया। और आने वाले लोको-पायलट के द्वारा भी इसकी तसल्ली एवं जाँच नहीं की गई; ANVT से गाड़ी के प्रस्थान के उपरांत आने वाले लोको-पायलट ने पाया कि लगातार ऑटो-रिग्रेशन आ रहा है। एवं गति 15 KM से अधिक नहीं बढ़ रही है। जिसकी जानकारी TC/ NDLS को दी गई, TC/ NDLS के द्वारा HSM स्विच की पोज़ीशन को '0' से '1' पर करवाने के बाद गाड़ी की गति सामान्य हो गई। | | |
| ज़िम्मेदारी | • लोको-पायलट शंटिंग एवं जाने वाले क्रू | | |
| लोको-पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबलशूटिंग | • गलत कार्यवाही (HSM स्विच के मॉडिफिकेशन कि जानकारी तथा कार्य-प्रणाली का ज्ञान ना होना) | | |
| नियम के अनुसार ट्रबल-शूटिंग/ लोको-पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही | As per RDSO Modification Sheet No. RDSO/2023/EL/MS 0492 Rev-'0', dt.16.06.23 तथा तकनीकी ड्राईव संख्या DLI/RSO-03/2024 के अनुसार विद्युत् कन्वेंशनल लोको में HSM (शंटिंग मोड स्विच) का प्रावधान किया गया है, जिसकी दो पोज़ीशन होती है – | | |

N.Rly.

| | |
|---|---|
| | '1' – सामान्य,<br>'0' – शंटिंग मोड<br>यह स्विच लोको पायलट कि सीट के पीछे लगा है। चार्ज देते समय ऑन-ड्यूटी लोको-पायलट/ शंटर को इसकी पोज़ीशन '1' पर होना सुनिश्चित करना चाहिये तथा चार्ज लेने वाले लोको-पायलट के द्वारा भी '1' पर होने कि तस्सली करनी चाहिये। |
| टिप्पणी | <u>ख़राब कार्य;</u><br>लोको-पायलट शंटिंग एवं जाने वाले क्रू के द्वारा यदि लोको की जाँच ठीक प्रकार से की जाती, तो गाड़ी का ब्लॉक सेक्शन में विलम्बन नहीं होता। |

3. **<u>केस स्टडी – 3</u>**

| दिनांक | लोको नं० / शेड | गाड़ी नं० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 11.12.2024 | 37177<br>WAP-7/ CNB | 12958 | दिल्ली (नई दिल्ली) |
| UOR/ फेलियर विवरण | लोको संख्या 37177/ P-7/ CNB, गाड़ी संख्या० 12958 के लिए प्लान किया गया था, ऑन-ड्यूटी लोको-पायलट शंटर ने लोको चैक करने के बाद बाहर लाईन करके PF No.01 पर गाड़ी संख्या०12958 पर ON Train किया। जाने वाले क्रू की जाँच के दौरान के दौरान पाया कि चक्का संख्या०12 का प्राथमिक हेलिकल स्प्रिंग टूटा हुआ है, जिसकी सूचना TC/ NDLS को दी गई। TC/ NDLS के आदेशानुसार लोको को विफ़ल घोषित किया गया एवं अन्य लोको को गाड़ी पर लगाया गया, जिसमें गाड़ी का 38 मिनट विलम्बन हुआ। | | |
| ज़िम्मेदारी | • लोको-पायलट शंटिंग/ नई दिल्ली आउट-पिट एवं आउट-पिट मरम्मत स्टाफ़ | | |
| लोको-पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल-शूटिंग | • गलत कार्यवाही | | |
| TSD के अनुसार ट्रबल-शूटिंग | लोको-पायलट/ शंटिंग और मैन्टीनैन्स स्टाफ द्वारा लोको की सेफ्टी फिटिंग्स, सेफ्टी डिवाईस एवं सेफ्टी आईटमों की भली-भांति जाँच करनी चाहिये, ताकि हेलिकल स्प्रिंग के टूटने की जानकारी पहले ही प्राप्त हो सके। | | |
| टिप्पणी | <u>ख़राब कार्य</u> –<br>यदि लोको-पायलट/ शंटर एवं Out-Pit Staff के द्वारा लोको की सही जाँच की जाती, तो गाड़ी का विलम्बन रोका जा सकता था। | | |

उपरोक्त निर्देश बुलेटिन विद्युत प्रशिक्षण केन्द्र, गाजियाबाद की वेबसाइट www.etcgzb.in पर भी उपलब्ध है।

(वीरेन्द्र कुमार)
(मुख्य लोको निरीक्षक/ वि.प्र.के./ गा.बाद.)

सरताश
(सरताश कुमार)
(प्रधानाचार्य/ वि.प्र.के./ गा.बाद.)

नं० 232 - विद्युत/ वि.प्र.के./ ट्रेनिंग-1

<u>प्रतिलिपि</u> –

i) मुख्य विद्युत लोको अभियंता/ उत्तर रेलवे, बड़ौदा हाऊस, नई दिल्ली - सादर सूचनार्थ।
ii) मुख्य विद्युत अभियंता/ परिचालन, उत्तर रेलवे, बड़ौदा हाऊस, नई दिल्ली - सादर सूचनार्थ।
iii) मुख्य विद्युत लोको अभियंता, उत्तर रेलवे, बड़ौदा हाऊस, नई दिल्ली - सादर सूचनार्थ।
iv) वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ RSO/ नई दिल्ली, लखनऊ, फिरोजपुर, अम्बाला - सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु।
v) वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ परिचालन/ मुरादाबाद - सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु।